Satya ka Avahan

सत्य का आवाहन

Invoking the Divine

Year 10 Issue 3 May–June 2021
Membership Postage: Rs. 100

Sannyasa Peeth, Munger, Bihar, India

Hari Om

Satya ka Avahan is a bilingual and bi-monthly magazine compiled, composed and published by the sannyasin disciples of Sri Swami Satyananda Saraswati for the benefit of all people who seek health, happiness and enlightenment. It contains the teachings of Sri Swami Sivananda, Sri Swami Satyananda, Swami Niranjanananda and Swami Satyasangananda, along with the programs of Sannyasa Peeth.

Editor: Swami Gyansiddhi Saraswati

Assistant Editor: Swami Sivadhyanam Saraswati

Published by Sannyasa Peeth, c/o Ganga Darshan, Fort, Munger – 811201, Bihar.

Printed at Thomson Press India (Ltd), Haryana

© Sannyasa Peeth 2021

Membership is held on a yearly basis. Late subscriptions include issues from January to December. Please send your requests for application and all correspondence to:

Sannyasa Peeth
Paduka Darshan
PO Ganga Darshan
Fort, Munger, 811201
Bihar, India

✉ A self-addressed, stamped envelope must be sent along with enquiries to ensure a response to your request.

Front cover: Swami Niranjanananda Saraswati's panchagni sadhana and daan

*Plates:*1 & 8: Swami Niranjanananda Saraswati during panchagni sadhana;
2–5: Daan to children;
6–7: Panchagni Daan, 2021

SATYAM SPEAKS – सत्यम् वाणी

The tendency to collect and amass property gives rise to wrong conduct. However, the tendency to sacrifice brings about a complete change in man's behaviour, way of thinking and expression. If you fill a bottle with water and do not use it, the water putrefies. If the water continues to flow, it never putrefies. This should be the attitude of human behaviour.

—Swami Satyananda Saraswati

धन-संपत्ति जोड़ने की जो प्रवृत्ति है, वह एक गलत आचरण को जन्म देती है, जबकि छोड़ने की प्रवृत्ति से व्यक्ति का सारे का सारा चिंतन और जीवन बदल जाता है। बर्तन में पानी रखो, कुछ दिन खाली नहीं करो तो सड़ जाता है, लेकिन अगर पानी बहता रहेगा तो कभी नहीं सड़ेगा। यही मनुष्य जीवन की प्रवृत्ति होनी चाहिए।

—स्वामी सत्यानन्द सरस्वती

Published and printed by Swami Kaivalyananda Saraswati on behalf of Sannyasa Peeth, Paduka Darshan, PO Ganga Darshan, Fort, Munger – 811201, Bihar.
Printed at Thomson Press India (Ltd), 18/35 Milestone, Delhi Mathura Rd., Faridabad, Haryana.
Owned by Sannyasa Peeth **Editor**: Swami Gyansiddhi Saraswati

Satya ka Avahan
सत्य का आवाहन
Invoking the Divine
Year 10 Issue 3 • May–June 2021

न तु अहं कामये राज्यं न स्वर्गं नापुनर्भवम्। कामये दुःखतप्तानां प्राणिनां आर्त्तिनाशनम्॥

"I do not desire a kingdom or heaven or even liberation. My only desire is to alleviate the misery and affliction of others."
—Rantideva

Contents

This issue of *Avahan* is dedicated to Panchagni Daan of 2021

आवाहन का यह विशेषांक 2021 के पंचाग्नि दान को समर्पित है

Prasad

Swami Satyananda Saraswati

Prasad means happiness and joy. Any giving in an ashram or temple is prasad. Prasad is an offering of goodwill, and it carries good wishes for your health, happiness, prosperity and peace. Offering, *daan*, is one of the three essential components of yajna, along with worship and ritual. Daan is unconditional giving. It is the prasad of Devi which is given to everyone.

The prasad of the yajna is highly auspicious because it is given after being blessed by Devi. She awakens the prosperity already residing there and each person is impregnated with spiritual blessings. When you receive the prasad at a yajna, do not think it is just an object you are receiving, which perhaps you already have in abundance in your home. Instead, understand that the rites and rituals of tantra can transform even the most mundane object, act, thought, word or deed into a vehicle for receiving divine grace in your life.

There are different types of prasad. When a rajarishi does sadhana, the prasad should be befitting a rajarishi. A rajarishi is one who has lived like a *raja* or king and also like a *rishi*, one who has inner knowledge, who sees the inner light and hears the inner voice. A raja symbolizes wealth and power, which are the positive qualities of a king. *Jnana* or knowledge is the quality of a rishi. Will a rajarishi give an ordinary sweet as prasad? No, he will give cows to villagers, bicycles to schoolchildren, houses to poor people and fine clothes to newly-weds.

Prasad is not charity or social service. Charity is the mother of poverty. Social service is giving aid at the time of emergencies or natural calamities. Whenever you help others do it in the spirit of offering service to the Lord. If a sadhu comes to your house and you are well off, it is your duty to give him some food, but do it as an offering. If a beggar comes to your house, feel that you are giving to the Lord. God can

take any form. God can come as an important person or as a big businessman, but if He comes as a weak person, a blind person, a beggar, will you treat him with respect? Always thinking that we will be cheated destroys our faith and makes us narrow. A king or a rishi is not afraid of anybody. Whenever you help others, remember that you are doing it for God.

If you really want to help people, you need a special power from God, a spiritual power. Without God's sanction, you cannot do even one good turn. I have an agreement with Lakshmi. She said, "I have given you a blank cheque, but it is not for your personal comfort. I permit you to meet all your needs, but not your desires. Whatever I give to you, you give to others. After pooja, distribute the prasad to everybody according to their needs." If we think we can do good in the world, we are wrong. Lakshmi is in charge of the wealth in the world.

Prasad means happiness. Prasad is given in the name of God, so accept what you are receiving with joy. God is one and He is in your heart, in your head, in everyone's heart. ■

दान ही जीवन है

स्वामी शिवानन्द सरस्वती

दान ही जीवन है। सेवा ही जीवन है। मन को संयम में रखना ही जीवन है। पूर्णता के लिए प्रयासरत रहना ही जीवन है। दूसरों को सुख देना ही जीवन है। दूसरों के साथ अपनी सम्पत्ति बाँटना ही जीवन है। जीवन का प्रयोजन अच्छा बनने और अच्छा करने में निहित है। अगर आप ऐसा कर पाते हैं तो आप अवश्य शान्ति और अमरत्व को प्राप्त कर सकेंगे।

अगर आप ईश्वर को वास्तव में चाहते हैं, तो इन चीजों को करना आवश्यक है। आपको करुणामय और दयालु बनना होगा। आपको ऐसा अनुभव होना चाहिए कि आप अपनी सम्पत्ति के केवल न्यासी या संरक्षक हैं। ईश्वर ने आपको पूँजी दूसरों के साथ बाँटने के लिए दी है। ठण्ढ के दिनों में कम्बल खरीदकर उसे सड़क किनारे सोने वाले गरीबों में बाँट कर देखिए। कैसे अद्भुत आनन्द का अनुभव करेंगे आप!

बाँटने की प्रवृत्ति

जो व्यक्ति अपनी वस्तुएँ दूसरों के साथ नहीं बाँटता वह हृदय से दरिद्र है, चाहे लौकिक दृष्टि से वह अरबपति ही क्यों न हो। वह मनुष्य जिसके पास खाने तक के लिए कुछ नहीं, वह संसार का सबसे धनवान् व्यक्ति गिना जा सकता है अगर उसके पास विशाल हृदय है और वह अपनी अत्यल्प सम्पत्ति भी दूसरों के साथ बाँटने में नहीं हिचकता।

उदारता और प्रेम के विचार सर्वत्र प्रसारित करें। जो कुछ भी आपके पास है उसे दूसरों के साथ बाँटें। यही प्रचुर समृद्धि का रहस्य है। अगर आप उदारता से देते हैं तो सारे संसार का धन आपके पास आ जाएगा। यह प्रकृति का अटल सिद्धान्त है। अपने धन, विद्या और ज्ञान का प्रयोग दिव्य संकल्प पूर्ति के लिए करें। दूसरों को प्रसन्न कर स्वयं प्रसन्नता का अनुभव करें।

अनेक जन्मों से करते आ रहे गलत कर्मों के कारण लोगों का हृदय पत्थर से भी अधिक कठोर हो जाता है। ऐसे हृदय को पिघलना चाहिए। तभी आत्मानुभूति की प्राप्ति हो सकती है। दया, प्रेम और विनम्रता के बिना व्यक्ति आत्म-साक्षात्कार प्राप्त नहीं कर सकता। अपरिपक्व अवस्था में वेदान्तिक साधना केवल आपके अहंकार को बढ़ाती है और उसे कठोर करती है। हृदय की शुद्धि आवश्यक है और यह अनवरत नि:स्वार्थ सेवा और उदारता से ही सम्भव है। इसलिए उदार बनें और खुले दिल से देते जाएँ।

व्यावहारिक वेदान्त

एक बार कुछ भक्तों के साथ हँसते हुए मैंने मजाक में कहा, 'देखिए, आज नए साल का पहला दिन है। आप सब आज मुझे अपनी कोई-न-कोई मूल्यवान् वस्तु अवश्य दें। आप जितना देंगे उससे कहीं अधिक पाएँगे। देखें तो कौन पहले आगे आता है?' एक महिला की ओर इशारा करते हुए मैंने कहा, 'आप क्या सोच रही हैं? आगे बढ़कर मुझे कुछ दीजिए।' उस महिला ने कहा 'छोड़िए स्वामीजी, ये सब तो अनित्य वस्तुएँ हैं।' मैंने कहा, 'अगर आप वास्तव में सोचती हैं कि सभी भौतिक वस्तुएँ अनित्य हैं, तो फिर उन्हें दान करने में हिचकती क्यों हैं?'

इस प्रकार की मानसिकता को मैं सुविधाजनक वेदान्त की संज्ञा देता हूँ। व्यक्ति को वास्तविक वेदान्ती बनना चाहिए। भगवान को सभी स्थानों पर देखिए और अपना सब कुछ दूसरों के साथ बाँटिए। अपने अन्दर छिपे कृपणता के संस्कार को समाप्त कर दीजिए। आपके हृदय का, जीवन के प्रति आपके दृष्टिकोण का विस्तार होगा। आपको आन्तरिक शुद्धता की प्राप्ति होगी।

मैं इसलिए देता हूँ क्योंकि मैं दिए बिना नहीं रह सकता। सब कुछ उस ईश्वर का है और वह परमात्मा ही मेरे भीतर से उचित पात्रों की ओर दान निर्देशित करता है। एक सर्वव्यापी ईश्वर है जो सम्पूर्ण विश्व को नियंत्रित और निर्देशित करता है। वह कुछ ही क्षणों में न्यूटन, नेपोलियन और युधिष्ठिर जैसे हजारों व्यक्तित्व रच सकता है। उस ईश्वर की दिव्यता और महिमा को स्वीकारें। अपनी सोच और दृष्टिकोण को व्यापक बनाएँ और मानव-कल्याण के लिए सत्कार्य करें। स्वयं को हर प्रकार की छोटी मानसिकता से मुक्त करायें। अपने आपको सत्य, प्रेम और शुद्धता के आदर्शों के प्रति समर्पित करें। सेवा और दान निरन्तर करते रहें। यही मार्ग है परमानन्द का। ■

Create Opportunities

Swami Sivananda Saraswati

I have understood that it is the foremost duty of man to learn to give, give in charity, to give in plenty, to give with love and without expectation of reward, because one does not lose anything by giving, on the other hand the giver is given back a thousand fold. This I understand to be equivalent to *jnana yajna*, the sacrifice of wisdom.

Apply this test: Does your heart melt at the suffering of others? Have charity and generosity become your very nature? Your money belongs to the Lord. You have no business to keep more than you need. How can you accumulate wealth when your God in the form of a poor man is starving? How can you take food four times a day when, a beggar – Lord Narayana – is starving outside the door? These are the real tests of spiritual progress. Do you rush to the poor man walking along the street and offer him food? Do you rush to the aid of the sick or injured man lying on the roadside?

In sharing, there is joy and peace. Sharing generates cosmic love and destroys greed. Sharing removes selfishness and creates selflessness. Sharing purifies the heart and develops oneness. Share with others whatever you possess – physical, mental or spiritual. This is real sacrifice. You will expand your heart and experience the oneness and unity of life. Be on the lookout to do charitable acts daily. Do not lose any opportunity. Create new opportunities. There is no sacrifice greater than pure spontaneous charity. ■

Daan

Swami Niranjanananda Saraswati

Daan is one of the foundations of human dharma. Vedic thoughts state that *yajna*, propitiating life, earth, nature and divine; *daan*, the act of giving; and *swadhyaya*, self-observation, self-analysis and self-correction, constitute the three aspects of human dharma. Dharma expresses the righteous word, thought and deed. Daan is the first mandate given by the Divine to humankind.

Daan is not charity as many people believe it to be. Charity is always with the idea and understanding that 'I am helping someone else'; whereas the idea and understanding of daan is that 'I am doing it for my betterment'.

Daan is an act of giving. The act of giving is to purify the mind, sentiments, emotions of the giver, it is for the betterment of the giver, for attaining and sustaining positivity and purity of the Self.

Daan ensures that at material level all have sufficient to live a happy and contented life; at emotional level it provides a connection with people based on empathy, understanding and reciprocity; at spiritual level it provides you with means to overcome the selfish and self-oriented ego and transcend it by expanding the awareness. Our ancestors have used daan as a means to go further in the discovery of themselves and their connection with other beings around them. ■

संन्यासी और राष्ट्र-सेवा

स्वामी सत्यानन्द सरस्वती

मनुष्य के लिए सब से कठिन काम है छोड़ना। जोड़ना तो सबको आता है। वह तो माँ के पेट से सब सीखकर आते हैं। मगर छोड़ना सिखाने के लिए गुरु होना चाहिए। छोड़ना माने त्याग। त्याग का मतलब होता है दूसरे के लिए त्याग देना। जैसे माँ बच्चे के लिए त्याग करती है। एक समय ऐसा आना चाहिए इस भारतभूमि में, इस गंगा-यमुना-सरस्वती के देश में, जब लोगों में 'देने' की प्रवृत्ति आ जाय। मुझे एक ही बात तुम लोगों से कहनी है कि दुनिया की जो जोड़ने की प्रवृत्ति है, वह एक गलत विचारधारा और आचरण को जन्म देती है, जबकि छोड़ने की प्रवृत्ति से व्यक्ति का सारे का सारा जीवन, सोचने-रहने-बोलने का तरीका बदल जाता है। यह ऋषि-मुनियों का वचन है। बर्तन में पानी रखो, कुछ दिन खाली नहीं करो तो सड़ जाता है, लेकिन अगर पानी बहता रहेगा तो कभी नहीं सड़ेगा – *बहता पानी निर्मला, बन्धा गन्दा होय।* यही मनुष्य जीवन की प्रवृत्ति होनी चाहिए।

मजदूर, कामगार और इस श्रेणी के लोग ही समाज का बोझ संभालते हैं। यदि वे टूट गये तो समाज भी टूटकर बिखर जायेगा। इसलिए समाज में हमें उनकी भूमिका को समझना चाहिए और उनके अस्तित्व को एक वास्तविकता के रूप में स्वीकार करना चाहिए। जिस प्रकार किसी मकान का बोझ उसके शहतीरों और खम्भों पर टिका होता है, उसी प्रकार ये सामान्य जन – मजदूर, टैक्सी चालक, रिक्शा चालक, ठेला खींचने वाले, बोझा ढोने वाले ही हमारे समाज को टेके हुए हैं। यदि इस वर्ग में दरारें पड़ती हैं तो पूरा समाज बिखर जायेगा।

इसलिए यह हमारा, आपका, सब का दायित्व है कि इस समाज की व्यवस्था को बरकरार रखें। समाज हम जैसे लोगों पर आधारित नहीं है। हमारी तरह के लोग भार वहन करने वाले नहीं हैं, हम तो समाज पर भार स्वरूप हैं। ये मजदूर ही समाज के भारवाहक हैं। इसलिए यह हम सब का कर्तव्य है, सभी समाजों का कर्तव्य है, चाहे वे पूर्व के हों या पश्चिम के, अफ्रीकी या चीनी या फिर रूसी समाज हों, कि सामान्य जनों का ख्याल किया करें।

हम मानते हैं कि देश का शासन सरकार करती है, पर देश की उन्नति सरकार के बस की बात नहीं है। राष्ट्र और समाज की उन्नति के लिए संस्थाओं का जन्म होना चाहिए। हमारे देश में ऐसी संस्थाओं की बहुत कमी है। तुम शिक्षा, सुरक्षा, पानी, बीज, अस्पताल आदि के लिए सरकार पर निर्भर रहते हो, यह पद्धति गलत है। समाज और देश को चलाने के लिए संस्थाओं की आवश्यकता है। हर तरह की संस्था, जो समाज की विभिन्न आवश्यकताओं को अपने सिर पर ले सके।

हम सभी साधु-महात्माओं और विद्वान् विचारकों से बोलते हैं कि एक पंचायत में एक साधु बैठे, पंचायत का भार ले ले, तो भारत के पुनरुत्थान में पाँच वर्ष भी नहीं लगेंगे। अगर एक-एक आश्रम और एक-एक संन्यासी एक-एक पंचायत को ले ले, तो देश का कायाकल्प हो जाए, क्योंकि उनके पास संसाधनों की कोई कमी नहीं है। संन्यासी इस देश का बहुत बड़ा साधन-सम्पन्न वर्ग है। इस देश में जो चीज संन्यासी कर सकता है वह और कोई नहीं कर सकता। संन्यासियों ने अपने कर्तव्य की अवहेलना नहीं की है, मैं निन्दा नहीं कर रहा हूँ, बस संन्यासी समय की करवट नहीं पकड़ पा रहे हैं। संन्यासी का मुख्य लक्ष्य होता है ज्ञान प्रदान करना, पर आज हम लोग आपात्कालीन स्थिति से गुजर रहे हैं। इसमें संन्यासियों को थोड़ा-सा लिखित नियम के बाहर आना पड़ेगा।

अस्पताल, स्कूल या कॉलेज खोलना, यह संन्यासियों का धर्म नहीं है, यह तो आप लोगों का धर्म है। पर आप लोग करते नहीं हैं। आप लोगों को अपने बेटा-बेटी से फुर्सत मिलेगी तब करोगे न! कहाँ फुर्सत मिलती है? इसलिए यह काम संन्यासियों को उठाना पड़ेगा। संन्यासियों की वजह से आज यह देश जीवित है, इसकी संस्कृति जीवित है। संन्यासियों को हम किसी प्रकार का दोष नहीं देते। उनके पास संसाधन हैं। जिस व्यक्ति को गृहस्थ आश्रम में जाने की बलवती इच्छा नहीं है, उसे गृहस्थ आश्रम में कम-से-कम कुछ वर्षों तक नहीं जाना चाहिए। उसको एक नये जीवन में प्रवेश करना चाहिए, अपनी जवानी राष्ट्र और समाज को समर्पित करनी चाहिए। रामकृष्ण मिशन, अरविन्द आश्रम, शिवानन्द आश्रम – ये सभी संस्थाएँ इस दिशा में कार्यरत हैं। हिन्दुस्तान में साधु-महात्माओं की कोई कमी तो है नहीं। उनके पास जाओ, सिर मुड़ाओ, संन्यास ले लो, ज्ञान सीखो। संसाधन एकत्र करो और एक पंचायत को चुन लो। मजबूत संस्थाएँ स्थापित करो, विकसित करो। अनाथालय और अस्पताल खोल सकते हो। कितने लोगों ने कोढ़ियों के लिए अच्छे अस्पताल खोले हैं, जो भारत में बहुत अच्छे चल रहे हैं। कई लोगों ने पुस्तकालय खोले हैं। अनेक आध्यात्मिक संस्थाओं ने विश्वविद्यालय और बड़े-बड़े अस्पताल खोले हैं। स्वामी शिवानन्द जी के शिष्य भी ऐसी अनेक संस्थाओं का संचालन कर रहे हैं। अब संन्यासियों को अपने कार्य-क्षेत्र का विस्तार करना होगा और राष्ट्र की जिम्मेवारी अपने कंधों पर लेनी पड़ेगी। ■

To See the Divine Spark

Swami Niranjanananda Saraswati

Daan is not just handing one chocolate to everybody regardless of whether they really need it or not. Know the need of the other person. Develop atmabhava. That has been the teaching of our master, Sri Swami Satyananda. Know what people require, find out what is lacking in the lives of others. Give them that which they need. Do not give them what you want to give but give them what they need.

Daan is performed correctly when the person who gives is endowed with shraddha, knowing one's capacity, connecting with the purity of the heart and knowing the intent and the purpose. Then daan becomes something that uplifts the individual and connects with the Divine. That is the teaching of Sri Swamiji when he speaks of atmabhava. Learn to see that spark of Divine in each and every one. That Divine spark can be seen through daan, not through meditation. Through meditation you try to imagine that spark in you. When you are endowed with atmabhava, you are able to see the spark in others as a living experience and not just a theoretical understanding. ■

दो, दो और दो

स्वामी निरंजनानन्द सरस्वती

योग और अध्यात्म को हम अपनी भारतीय परम्परा का एक अनिवार्य अंग मानते हैं। एक धार्मिक मान्यता या विधि के रूप में नहीं, बल्कि जीवन की एक व्यावहारिक शिक्षा के रूप में जिससे मनुष्य अपने भीतर आत्मभाव को जागृत कर सके और स्वार्थभाव को धीरे-धीरे कम कर सके। अगर यह आत्मभाव हम सब में आ जाए तब फिर हम एक नए, सुन्दर समाज का निर्माण कर पायेंगे, और जब तक यह आत्मभाव हमलोगों के भीतर नहीं आयेगा, हमारे समाज और संसार में हमेशा अशांति और अराजकता रहेगी।

इस अशांति और अराजकता को दूर करने के लिये अपनी आंतरिक वृत्ति को बदलने की आवश्यकता है। जब तक हमारी आंतरिक वृत्ति नहीं बदलेगी, हम कुछ नहीं कर पायेंगे। उपनिषदों में एक कहानी आती है कि जब सृष्टि का निर्माण हुआ था तब इसमें तीन प्रकार के प्राणी थे – देवता, मनुष्य और दानव। इन तीनों को मालूम नहीं था कि उनके जीवन का लक्ष्य क्या है। तब उन्होंने परमपिता ब्रह्मा के पास अपने प्रतिनिधि भेजे यह पूछने के लिए कि हमारे जीवन का लक्ष्य क्या होना चाहिये। जब ये तीन प्रतिनिधि ब्रह्मा जी से मिलने के लिये यात्रा कर रहे थे तो बीच में बादलों की जोरदार गर्जन हुई। उस गर्जन में इन तीन प्रतिनिधियों को अपने लिए संदेश सुनायी देता है। संदेश सुनकर ये अपने-अपने समाज में वापस आ जाते हैं।

जब देवताओं का प्रतिनिधि अपने समाज में पहुँचता है तो उससे पूछा जाता है कि तुम्हें सृष्टिकर्ता से क्या आदेश मिला। वह कहता है, जब मैं जा रहा था तब बादलों की गर्जन में मुझे एक शब्द सुनायी पड़ा – *दमध्वम्, दमध्वम्, दमध्वम्*। इसका अर्थ होता है दमन करो, मन एव इन्द्रियों का दमन करो। देवता स्वर्ग में रहते हैं, पाँच सितारा संस्कृति है वहाँ पर। जब तक जेब में पुण्यों का पैसा है, तब तक वहाँ रह सकते हैं और जिस दिन पुण्य समाप्त हो जाएँ, आपको स्वर्ग से बाहर निकाल दिया जाता है। स्वर्ग में भोग और विलास की प्रवृत्ति है। इसलिए उन भोगियों के लिए भगवान का आदेश था कि अपनी इन्द्रियों को, अपने मन को अपने वश में रखो।

इसी प्रकार जब मनुष्यों के प्रतिनिधि से पूछा गया कि तुम्हें कौन-सा आदेश मिला, तो उसने कहा कि बादलों की गर्जन में सुनाई पड़ा – *दनध्वम्, दनध्वम्, दनध्वम्*। मतलब दो, दो और दो। मनुष्य की वृत्ति संग्रह की है। वह सब चीजों का संग्रह करना चाहता है, देना कुछ नहीं चाहता। आपके घर में सैकड़ों जूतों का संग्रह है, पर क्या आपने कभी अपना पुराना जूता अपने नौकर को दिया है? नहीं। आपकी अलमारी में सैकड़ों वस्त्र पड़े हैं, जिनमें से अनेक शायद ऐसे हैं जिन्हें आपने एक

या दो बार ही पहना हो। क्या आपने अपना कोई वस्त्र किसी ऐसे व्यक्ति को दिया है जिसे उसकी आवश्यकता है? संग्रह करना सब जानते हैं, लेकिन देना कोई नहीं जानता है। इसलिए मनुष्य के लिये भगवान का यही आदेश था – दो, दो और दो, ताकि दूसरों के जीवन में जो अभाव और कमी है, उसे तुम पूरा कर सको।

हमारे गुरुजी कहते थे कि अगर तुम अपने दो बच्चों के लिए कपड़े खरीदने बाजार जाते हो तो दो की बजाय तीन जोड़े खरीदो। दो जोड़े तुम्हारे दो बच्चों के लिए और एक जोड़ा उस अज्ञात बालक के लिये जिसके पास कुछ नहीं है, जिसे देने से उसके जीवन का कल्याण हो जाए। अगर हर सक्षम व्यक्ति ऐसा कर सके तो इस देश में कभी गरीबी नहीं रहेगी, हर व्यक्ति के पास साधन और सुविधा उपलब्ध हो पायेगी। यह है दान की प्रक्रिया – संग्रहकारी वृत्ति की बजाय नि:स्वार्थ भाव से दूसरों का सहयोगी बनना। मनुष्यों के लिये भगवान का यही आदेश था।

अंत में जब दानवों के प्रतिनिधि से पूछा गया कि तुम्हें कौन-सा आदेश मिला है तो दानव कहता है कि बादलों की गर्जन में मुझे सुनाई पड़ा – *दयध्वम्, दयध्वम्, दयध्वम्*। मतलब दया करो, दया करो, दया करो। दानवों की मानसिकता क्रूर और हिंसक होती है। वे दूसरों के सुख को छीनकर, उनके जीवन में कष्ट लाकर प्रसन्न होते हैं। उनके लिये भगवान ने आदेश दिया कि दया करो, ताकि तुम्हारे कर्मों से दूसरों के जीवन में दु:ख की बजाय प्रसन्नता और खुशी आये।

हमारे भीतर देवत्व भी है, मनुष्यत्व भी है और हमारे भीतर ही दानव भी बैठा है। अपने जीवन को पूर्ण और परिष्कृत बनाने के लिये ही शास्त्रों में ये तीन आदेश दिये गये हैं। जो इन तीनों को व्यवस्थित कर पाता है, वही साधु और योगी कहलाता है। ■



Panchagni Daan

Swami Ratnashakti Saraswati

Panchagni tapas is the tapasya of five fires. Prescribed in the vedic tradition for paramahamsa sannyasins, the panchagni tapas is one of the most challenging and difficult to perform. The word tapasya comes from the Sanskrit root, *tap*, meaning to heat, to radiate heat, to blaze like the sun. The panchagni tapasya is the process of enduring the heat of five fires. The sadhaka sits surrounded by four fires, and the sun above is the fifth.

Panchagni is also a vidya. The word *vidya* refers to the means and methods by which spiritual knowledge can be realized and experienced. The path of vidya is not an intellectual process of education, it is an experiential process of inner purification. The connection to vidya purifies the mind of gross and material identifications and directs the prana inwards to illuminate the inner spiritual nature, culminating in the direct realization of the Supreme Reality. The different spiritual vidyas are subtle and intricate processes that have been tried and tested over thousands of years within a spiritual *parampara* or tradition.

> These are the five fires inside the subtle body which dry up a person's being. To avoid these fires and to face these fires are two different things. I did not avoid them; I faced them and faced them strongly. However, sometimes I felt as if I would slip. Only a person who can face these five inner fires can face the five external fires – the south fire, east fire, west fire, north fire and the fifth fire of the sun overhead. Otherwise a sannyasin who does panchagni sadhana is committing suicide. You sit surrounded by four fires and above you is the sun. All the water in the body dries up. A heart attack will definitely take place. The best way to die is in panchagni sadhana.
>
> *– Swami Satyananda Saraswati*

The gift of panchagni

Described in the *Kathopanishad* is an interaction between a young boy, Nachiketas, and Yama, the Lord of Death. Nachiketa was granted three boons to atone for the three nights he waited outside Yama's door without food or water, or any of the hospitality that should be accorded to a guest. To atone for these three nights, Yama granted three boons to Nachiketa.

For the first boon, Nachiketa asked that his father would overcome his anger and be able to greet his son with love. Yama replied that he would grant this boon, and that his father's mind would be at peace. The second boon was more difficult. Nachiketa asked to be taught the way to attain the state in which there is no death, neither old age nor hunger, thirst or pain. Here Nachiketa is asking how to attain a state of spiritual transcendence. He is asking this of Yama, because as the Lord of Death, Yama knows how to transcend the different states of consciousness.

Agni is the means to attain this transcendence, and therefore Nachiketa asks to be taught the panchagni vidya. Yama agrees to teach him the vidya that leads to transcendence and tells him that this transcendental state is concealed in the heart.

Then Yama begins the detailed process of instruction in panchagni, the requirements, the invocation and the process of the tapasya. This is the process of transmission. Transmission is not just being told something and forgetting half of it, or misinterpreting the instructions, or having to write them down. Transmission is based on the receptivity of the individual, what is said has to be imbibed and understood immediately. Those who are capable will get it immediately, and those who are not capable will never understand. Nachiketa is able to repeat the vidya verbatim, and this pleases Yama so much he tells him that henceforth this vidya shall be called the Nachiketa agni.

Yama then adds the conditions necessary for success. It is not enough to simply perform the tapasya. The sadhaka must live according to dharma and fulfil the duties of dharma

accordingly. Yama states that the basis of dharma is threefold: swadhyaya, daan and tapasya.

> One who performs the Nachiketa fire sacrifice thrice with full dedication, and performs the three duties, (of renunciation, austerity and charity), overcomes birth and death. When he has realized this radiant, omniscient and worshipful fire of the Brahman, he achieves the highest peace.

To have darshan of the panchagni tapasya is a form of daan. Darshan of panchagni is the glimpse of the transcendental realms; it is the vision of grace, proof of the ever-present but unrecognized connection between the material and the spiritual, the human and the divine. Darshan of panchagni is a direct and tangible experience of the great spiritual vidyas and teachings of the Vedas, Upanishads and Tantras. To receive darshan of panchagni tapasya is to come into contact with the energy field that is created between the individual and the divine, through the medium of agni. It is entering another realm of existence. It does not matter whether the darshan lasts for one second, one minute or one hour, the experience is transcendental and not determined by time or space but simply by the receptivity of the individual.

During panchagni the words spoken by the sadhaka are not ordinary words, they are *vakya*, that speech which is infused with the energy, power and divine grace. Normal speech at that time becomes mantra. The words uttered are permeated by *vak shakti*, the energy of Saraswati, and have the power to remove the darkness, the dross, the material conditioning and identification. The purpose of speech during tapasya is to inspire, to encourage, to provoke and to awaken the spiritual awareness and experience. Any instruction given during that time, any direction or guidance carries the energy of that

tapasya and has the potential to remove the obstacles and impediments of tamasic conditioning, to redirect the arrogance and aggression of the rajasic interaction and to awaken and establish the purity, light and effulgence of sattwa. It is for this reason that anything spoken by the rishis, munis and sannyasins of ages past who performed these great vedic tapasyas was understood as vakya.

> Sri Swami Satyananda, our guru, performed the panchagni for nine years in Rikhia. Before his mahasamadhi, when he gave the instructions of Sannyasa Peeth, he also gave personal instructions on how to develop in this path, and said that the panchagni tapasya has to become the hallmark of sadhana for paramahamsa sannyasins; now and in the future, both. Due to the mandate he gave, I am following this path.
>
> *– Swami Niranjanananda Saraswati*

Experience of vibhu

While performing panchagni in Munger, Swami Niranjanananda gave a very simple instruction, "*Hamari panchagni ke dauran logon ko kuch dena chahiye* – During my panchagni, something should be given to people." From that simple sentence, a two-month program of daan commenced in Munger. Every week different groups from the town were called to receive the daan of panchagni.

The program began with the frontline medical workers who served the local community. The staff of different hospitals were all given panchagni daan in the form of items that were useful to them in their professional and daily life. Face masks, face shields, sanitizers as well as towels and linen were given, along with saris, shawls and blankets. The staff of the town post offices, courier companies, newspaper wallahs were all presented with items useful for them, which they had never received before. Post and courier staff were able to wear masks and face shields as they went about their deliveries. Petrol

pump stations, gas agencies, electricity offices and departments were also recipients. The social and charitable agencies of Munger who are active in local seva such as the Lions Club and Rotary Club were also given.

Children of orphanages, remand homes and juvenile centres received new clothing, stationery supplies, colouring books, teddy bears and the favourite of children across the globe, the *Satyam Tales* books as daan. Teachers of the local schools received personal and household items such as face masks, shields, hand towels, sari, shawls, bed linen, *Yoga Vidya* magazines and assorted publications. The staff and all the prisoners of the local jails were given clothing, yogic literature, magazines and linen. The police departments as well as the district administration received daan intended to assist them in the performance of their duties and seva to the nation, including clothing, face masks, shields, yoga magazines and literature, yoga nidra CDs, and neti pots. The sabzi walli, the ladies who sell vegetables on the streets, carrying their baskets from house to house and the aayas of Munger town, those who carry out the domestic work of households, were given

anna daan, vastra daan and grih daan, or items for the home including water jugs, buckets, stools and cooking utensils.

Panchagni daan was not only given in Munger but also across India. Daan was dispatched to all the different Satyananda Yoga centres and ashrams for distribution among the yoga aspirants, students, devotees and well-wishers. The simple daan of panchagni bhasma, locket, angavastra, souvenir and photo touched the hearts of all who received, as it carried with it the grace of tapasya and the blessings of their beloved Swami Niranjanananda.

The entire daan project was executed smoothly and efficiently, without any difficulty or shortcoming, as if it was happening by itself. Devotees from across the country, not knowing anything about the panchagni daan project, spontaneously came forward wanting to donate items for distribution. Panchagni daan became the medium for positivity, happiness and prosperity for all who were involved, whether recipients or not. From the ashram residents and sannyasins who managed the packing and distribution, to the local people who liaised with the different groups of people, to all the yoga aspirants and devotees across the country, something was connecting these different people together. That something was *anugraha*, the grace, blessings, good wishes and sentiments of one exceptional sannyasin performing an ancient vedic tapasya for the benefit and wellbeing of all.

Panchagni daan became the physical and material manifestation of the great spiritual teachings of the Vedas, that in essence we are all one, that we are all connected. That experience is known as *vibhu*, the interconnectedness of everything, that the vedic seers and rishis revealed to humanity. It was an effulgent and illumined expression of vibhu that manifested through the anugraha of panchagni and the process of daan. What took place became much more than the simple packing, distribution and receiving of items, it was the experience and connection with vidya, the transmission of spiritual knowledge and experience. What else could have

permeated across all the limitations and barriers of caste, creed, gender, nationality and cultural identity, connecting the policeman with the criminal, the doctor with the labourer, and the sannyasin with the sabzi walli.

Just as sunlight does not differentiate between high and low, superior or inferior, animal or human, insect or reptile, but shines equally on everyone, the light of tapasya that is given through daan also illumines the darkness and transforms the awareness, understanding and experience of life. This is the role of daan in the spiritual evolution, to take one from tamas to sattwa, from darkness to luminosity.

Apart from our own aspirations to experience peace and the possible understanding of illumination, whatever it may mean to all of us individually, we are also connected in the idea of seva. We are also connected with the idea of making ourselves, our environment better, purer, cleaner and more luminous. If we are able to do that and fulfil this aspiration, then we shall be able to live the mandate of the seers of our human civilization who stated *atmodeepobhava* or 'Know Thyself'. By that you will know the universe and attain balance and peace. You will become happy and cooperate in the plan of nature and the divine. ■

दान गंगा

स्वामी शाश्वतानन्द सरस्वती

पिछले वर्ष देश में कोविड-19 महामारी का प्रकोप शुरू हुआ और उसके कारण सरकार ने स्कूल, कॉलेज आदि शिक्षण संस्थाओं को बंद करने का निर्देश दिया। तब से आश्रम के प्रशिक्षण सत्र एवं अन्य कार्यक्रम भी बंद हो गये। लॉकडाउन के बाद लोगों के सामने काफी समस्यायें आने लगीं। लोगों की आर्थिक स्थिति डाँवाडोल होने लगी। घर के भीतर दिनभर रहने से लोगों को अनेक मानसिक एवं भावनात्मक समस्याएँ होने लगीं। आश्रम में बहुत सारे पत्र आते थे जिनमें लोग स्वामीजी से सहायता माँगते थे कि अब हमें इस विकट परिस्थिति में क्या करना चाहिये।

लोगों को एक साथ यहाँ बुलाना तो सम्भव नहीं था, इसलिए हमलोगों ने इंटरनेट और एप्प्स का उपयोग करना शुरू किया। स्वामीजी के मार्गदर्शन में ऐसे ऑनलाइन कार्यक्रम और एप्प बनाये गये जिन्हें सभी लोग देख सकें और उनमें बताये गये छोटे-छोटे अभ्यासों को कर सकें जिससे शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक समस्यायों का समाधान मिल सके।

मुंगेरवासियों के लिए

महामारी के शुरुआती दौर में सरकार की तरफ से नगर में कोविड सेंटर्स बनाये गये। संसाधनों की कमी होने लगी तो प्रशासन ने आश्रम से भी मदद माँगी। उन्हें एक हजार बेड्स तैयार करने थे। हमलोगों ने आश्रम से गद्दे, तकिये, चादर आदि एकत्र करना शुरू किया। स्वामीजी ने इस अवसर पर एक ही बात कही जो हमें मार्गदर्शन और प्रेरणा देती रही, *'उन्हें जिस भी चीज की आवश्यकता है वह सब दो, चाहे उसके लिये आश्रम पूरा खाली क्यों न करना पड़े। यहाँ जो कुछ भी है वह मुंगेरवासियों के लिए है।'*

इसके बाद फिर जरूरतमन्द लोगों को आश्रम बुलाया जाता था और उनकी दैनिक जरूरतों के अनुसार दान दिया जाता था। दान की परम्परा तो आश्रम में रही ही है, लेकिन इस बार हमलोगों ने विशेष रूप से ऐसी चीजें देने की व्यवस्था की जो उनकी दैनिक आवश्यकता है। जैसे बाल योग मित्र मंडल के कई बच्चों के पिता जी का सब काम ठप्प पड़ गया तो भोजन की समस्या उत्पन्न होने लगी। उनको हमलोगों ने अनाज, मास्क, फेस शील्ड, सैनिटाइज़र, बेडिंग जैसी जरूरत की चीजें उपलब्ध करायीं। फिर हमने इस परियोजना को समाज के अन्य वर्गों तक बढ़ाना शुरू किया। हमलोगों ने आश्रम में उचित व्यवस्था की, सैनिटाइज़िंग टनल

लगवाया, दूर से तापमान नापने का यंत्र लगवाया, और शारीरिक दूरी का पालन करते हुए, स्वामीजी के मार्गदर्शन में धीरे-धीरे हमलोगों के कार्यक्षेत्र का विस्तार होता गया, दान-गंगा प्रवाहित होने लगी।

पंचाग्नि दान

इस वर्ष मकर संक्रान्ति से स्वामीजी की पंचाग्नि तपस्या शुरू हुई और वर्तमान महामारी के दौर में स्वामीजी के तप के आशीर्वाद को जन-जन तक पहुँचाने के लिए पंचाग्नि दान की योजना परिकल्पित की गई। प्रत्येक सप्ताह के अंत में शनिवार या रविवार को हमलोग समाज के हरेक वर्ग को बुलाने लगे और स्वामीजी तथा उनकी तपस्या के बारे में बताकर पंचाग्नि प्रसाद वितरित करने लगे।

हमलोगों ने इसकी शुरुआत की फ्रंट लाइन हीरोज़ से – ऐसे कर्मठ, नि:स्वार्थ लोग जो कोविड के समय में अपने घर में बंद नहीं थे, बल्कि अपनी ड्यूटी निभाते हुए सभी लोगों की सहायता कर रहे थे। स्वामीजी को लगा कि पहले उन्हें सुरक्षित करना है, उन्हें ऐसी चीजें प्रदान करनी है ताकि उन्हें किसी चीज की कमी महसूस न हो, वे अपने आप को सुरक्षित महसूस कर सकें। तब हमलोगों ने मातृका सदन, सेवायान और अन्य अस्पतालों के स्वास्थ्य-कर्मियों से शुरुआत की। इन्हें हमलोगों ने चादर, साड़ी, तौलिया, फेस शील्ड, हैंड सैनिटाइज़र, मास्क, पुस्तकें इत्यादि प्रदान कीं जो उनके जरूरत की चीजें थीं। फिर उसके बाद हमलोगों ने यहाँ के ट्रांस्पोर्टर और कुरियर वाले लोगों को प्रसाद दिया। हमलोगों ने जब उन्हें आश्रम बुलाया तो

लगभग दस व्यक्ति मोटरसाइकल पर आये। हमने पूछा कि आप कोई बड़ी गाड़ी लाये हैं? उन्होंने पूछा, 'बड़ी गाड़ी किसलिए?' 'आपको प्रसाद भी तो ले जाना है।' वे बोले, 'हमें लगा थोड़ा-सा हाथ में मिल जायेगा प्रसाद, उसको लेकर चले जायेंगे।' जब हमलोगों ने उनके लिये प्रसाद निकालना शुरू किया, दस लोगों के लिये बीस झोले, तो वे हैरान होकर बोले, 'स्वामीजी, अभी हम जाते हैं, गाड़ी लेकर आयेंगे, फिर ले जायेंगे इस प्रसाद को।' वे लोग आशा ही नहीं कर रहे थे कि स्वामीजी की तरफ से इतना कुछ मिलेगा। जब प्रसाद को उन्होंने खोलकर देखा तो पाया कि उसमें वैसी चीजें थी जो उनके काम-काज के दौरान अति आवश्यक थीं, जैसे मास्क, फेस शील्ड और हैंड सैनिटाइज़र, जिन्हें वे बार-बार बाजार से नहीं ले सकते थे। कुछ समय के लिये तो वे लोग खड़े-के-खड़े रह गये।

उसके बाद हमलोगों ने नगर की अलग-अलग संस्थाओं जैसे चैम्बर ऑफ कॉमर्स, पोस्ट ऑफिस, रेड क्रॉस सोसाइटी, लायन्स क्लब, रोटरी क्लब, बिजली विभाग, गैस दुकानों, पेट्रोल पम्प, दवाई दुकानों, वन विभाग, कृषि विज्ञान केन्द्र आदि के लोगों को उनकी जरूरत के हिसाब से प्रसाद प्रदान किया। स्कूल-कॉलेज बंद होने के कारण सबसे बड़ी समस्या होने लगी थी कि बच्चे स्कूल नहीं जा रहे थे। अब उनकी पढ़ाई कैसे हो? मुंगेर बहुत विकसित शहर तो है नहीं। जब ऑनलाइन कक्षाएँ होने लगीं तो बच्चे फोन करते थे कि पढ़ाई में समस्यायें आ रही हैं, क्या करना चाहिये? हमने जब स्वामीजी को बताया तो उन्होंने कहा कि ठीक है, हमलोग व्यवस्था करते हैं। फिर एक दिन बच्चों को बुलाया और उनसे पूछा कि पढ़ाई कैसे करते हो? बच्चों ने कहा, 'कहाँ स्वामीजी! अभी तो हमलोग घर में ही बैठे रहते हैं। न हमलोगों के पास कम्प्यूटर है, न कुछ और साधन ऑनलाइन पढ़ाई का। तो क्या करें?' स्वामीजी ने कहा, 'ठीक है,' और उन सभी बच्चों को, जिनके स्कूल या कॉलेज़ में ऑनलाइन क्लास चल रहे थे, उन्हें टैबलेट्स दिये। लेकिन साथ ही कहा कि टैबलेट्स से पढ़ाई ही करना। हमने कहा, 'स्वामीजी, ये बच्चे थोड़ी शैतानी तो करेंगे ही, बीच-बीच में थोड़ा गेम भी खेलेंगे।' तो स्वामीजी बोले, 'अच्छा ठीक है, पढ़ाई से समय मिले तो थोड़ा गेम भी खेल लेना!' अभी बच्चों से पूछते हैं, कैसी पढ़ाई चल रही है, तो बोलते हैं, 'हाँ, ऑनलाइन पढ़ाई अच्छी चल रही है, और धीरे-धीरे स्कूल भी खुलने लगे हैं।'

करुणा और सहयोग

इस तरीके से हमलोग समाज के हरेक क्षेत्र को स्वामीजी के आशीर्वाद के दायरे में लेने की कोशिश करने लगे। इनमें बच्चों के कुछ और केन्द्र थे जैसे वनवासी कल्याण केन्द्र, स्थानीय रिमांड होम और अनाथालय, वहाँ भी बच्चों के लिये हमलोगों ने उनकी जरूरत के हिसाब से प्रसाद भेजा। दो-तीन दिन के बाद रिमांड

होम के दफ्तर से खबर आई कि आपने जो भी दान स्वरूप दिया, बच्चे सभी का उपयोग कर रहे हैं, विशेषकर उस स्पेशल टेबल का जिसका उपयोग वे पढ़ने के साथ-साथ खेलने के लिए भी करते हैं, क्योंकि उस टेबल को पढ़ने के साथ-साथ लूडो और साँप-सीढ़ी खेलने के लिए भी बनाया गया है।

इसके बाद हमलोगों ने मुंगेर जेल के अधिकारियों से बात की। हमलोग जब भी किसी संस्था के लोगों को प्रसाद देते हैं तो पहले वहाँ के लोगों का ब्यौरा माँग लेते हैं। मुंगेर जेल से जब हमलोगों ने बात की तो उन्होंने कहा कि हमारे यहाँ इतने लोग हैं, जिसमें पुरुष कैदी भी हैं, महिलायें भी हैं और साथ में बच्चे भी हैं। यह सुनकर थोड़ा-सा आश्चर्य लगा कि बच्चे जेल में क्या कर रहे हैं? उन्होंने कहा कि ये वैसे बच्चे हैं जिनके माता या पिता जेल में आ गये हैं और इनके घर में कोई नहीं है। तो सरकार ने ऐसा प्रावधान किया है कि ये अपने माता या पिता के साथ जेल में ही रहें। तब हमलोगों ने उन बच्चों के लिये भी जो आवश्यक चीजें थीं, उनकी व्यवस्था की। जेल में लगभग 3000 लोगों के लिए, जिनमें अधिकारी, कर्मचारी, महिला और पुरुष कैदी एवं बच्चे शामिल थे, प्रसाद भेजा गया। वहाँ के जेलर ने बताया कि महिला कैदियों और कर्मचारियों को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के दिन प्रसाद बाँटा गया। प्रसाद पाकर वे बहुत प्रसन्न थीं और साथ ही उन्हें आश्चर्य भी हो रहा था कि कोई उनके बारे में सोच भी सकता है।

136.1

SARASWATI SHISHU MANDIR
SADIPUR, MUNGER
चालक

SPL
HOME WARE
Made in India
Bed Table
जिला प्रशासन
मुंगेर
BR-08P-4644

पिछली संक्रांति के दिन जो माता जी सड़क किनारे टोकरी में सब्जी बेचती हैं और जो घर-घर जाकर काम करती हैं, उन्हें हमलोगों ने बुलाया और प्रसाद दिया। उसमें दो चीजें उन्हें बहुत पसन्द आयीं, एक तो प्लास्टिक की बाल्टी और दूसरी, बैठने का प्लास्टिक का छोटा-सा पीढ़ा। उसे देखकर सभी माता जी, खासकर जो बूढ़ी थीं, इतनी खुश हुयीं कि अब जमीन पर नहीं बैठना पड़ेगा, ऊपर बैठकर आराम से काम करेंगे। पंक्ति में सबसे पहले जो बूढ़ी माता आयीं उनकी उम्र थी 90 साल। पूछने पर पता चला कि ये माता जी चालीस साल से बेकापुर में सत्तु बेच रही हैं और लगभग पूरे मुंगेर के लोग इन्हें जानते हैं। इसी तरह एक दिन आश्रम में एक कुरियर वाला आया, तो हमने देखा कि आज वह फेस शील्ड लगाकर आया है। पूछने पर उसने कहा, स्वामीजी आपने जो प्रसाद दिया है उसमें एक फेस शील्ड भी था, जिसका हमलोग उपयोग कर रहे हैं।

ये छोटे-से उदाहरण स्वामीजी की सोच की गहराई को दर्शाते हैं। क्या दान देना है, यह अपने में कला है। ऐसा नहीं कि हमलोग कुछ भी दान दे देते हैं। दान देने से पहले देखते हैं कि उस व्यक्ति की आवश्यकता क्या है। स्वामीजी ने अपने तपोबल से जो दान-गंगा प्रवाहित की है, वह देश, काल, परिस्थिति और व्यक्ति के अनुरूप कल्याणकरी है। सर्दी के दिनों में हमलोगों को कम्बल देते हैं, गर्मी के दिनों में कम्बल नहीं दे सकते तो क्या करते हैं, मटका देते हैं जिसके अंदर चावल, दाल, अनाज सब भर देते हैं। ठण्ढ में इस बार बहुत-से लोगों को थर्मस दिया गया, ताकि पीने के पानी को गर्म करके रख सकें। गर्मी में छाता देंगे तो गर्मी और बरसात, दोनों में काम दे देगा। इस तरह स्वामीजी एक-एक चीज का ध्यान रखते हैं कि कौन-से व्यक्ति को क्या देना है।

